## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 13.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे दिल्ली, 16 जनवरी को दावोस यात्रा पर होंगे रवाना, भाजपा ने उठाये सवाल, झामुमो ने किया पलटवार।

2. केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की देखरेख में प्रदेश भाजपा में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरु, कल की जायेगी नये प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा।

3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को मिली फोन पर धमकी, अपराधियों ने पुलिस अधिकारी बनकर मांगे पैसे, एफआईआर दर्ज।

4. राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है लोहड़ी का पर्व, आज शाम लोग पारंपरिक अलाव जलाकर उसमें तिल, गुड़ और रेवड़ी करेंगे अर्पित।
5. रांची में आज से 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शतरंज एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, देशभर के 31 राज्यों के सैकड़ों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली पहुंचे हैं। वे 16 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस के लिए उड़ान भरेंगे। मुख्यमंत्री दावोस में आयोजित होने वाली विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में झारखंड के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह पहली बार है जब झारखंड इस वैश्विक मंच पर आधिकारिक रूप से शामिल हो रहा है।

********************

इस बीच भाजपा ने मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर तंज कसा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि इससे पहले भी निवेशकों को आमंत्रित करने के नाम पर मुख्यमंत्री ने विदेश दौरा किया था, लेकिन उसका कोई परिणाम अब तक सामने नहीं आया है।

इस पर सत्तारुढ़ झामुमो ने पलटवार किया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के प्रतिनिधिमंडल के दावोस यात्रा पर सवाल उठाना हास्यास्पद है।

********************

केंद्रीय मंत्री और चुनाव पर्यवेक्षक जुएल ओराम की देखरेख में आज रांची स्थित भाजपा मुख्यालय में नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न करायी जा रही है। तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मौके पर राज्य के प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं। आज ही नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की भी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। कल नये अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जायेगी। श्री ओराम ने दावा किया कि निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराया जायेगा।

********************

राज्य में बढ़ते साइबर खतरों से निपटने और माइक्रो, स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज के बीच डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीएसएनएल झारखंड और साइबर पीस फाउंडेशन ने रांची में एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल हुए।.उन्होंने जनता को सलाह दी कि अनजान वीडियो कॉल, व्हाट्सएप फोटो या ईमेल से दूर रहें और सावधानी बरतें। मौके पर साइबर

विशेषज्ञ विनीत कुमार ने कहा कि साइबर सुरक्षा का मुद्दा अब केवल तकनीकी नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को एक अज्ञात अपराधी ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन पर रंगदारी की धमकी दी है। उनके निजी सहायक ने मामले की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय और पुलिस को दी है। रांची साइबर थाने में एफआइआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

********************

रांची के दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में कल 23 इन्फैंट्री डिवीजन द्वारा 10वां पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सेना के वरिष्ठ कमांडर शामिल होंगे। इसमें झारखंड के पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

********************

हजारीबाग के इंजीनियर रूपेश कुमार म्यांमार की नौकरी छोड़ आधुनिक खेती के जरिए सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। सरकारी योजना की मदद से उन्होंने 10 एकड़ में मटर और टमाटर जैसी फसलों की खेती की है। आज उनका उत्पाद कई राज्यों में बिक रहा है और उन्होंने 40 लोगों को रोजगार भी दे रखा है। वे कहते हैं कि जीएसटी सुधार से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

********************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सरायकेला—खरसावां जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गिदीबेड़ा टोल प्लाजा परिसर में जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा टीम द्वारा संपन्न कराया गया। सड़क सुरक्षा टीम ने चालकों को यातायात नियमों के पालन, वाहन की निर्धारित क्षमता का सम्मान करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सुरक्षित व जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने नागरिकों से स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज शाम लोग पारंपरिक अलाव जलाकर उसमें तिल, गुड़ और रेवड़ी अर्पित करेंगे। यह उत्सव नई फसल के आगमन और खुशहाली का प्रतीक है।

********************

हजारीबाग के बरकट्ठा में प्रसिद्ध सूरज कुंड मेला कल से 30 जनवरी तक आयोजित होगा। इसकी तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने समीक्षा बैठक की। अधिकारियों को सुरक्षा, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए गए हैं ताकि एशिया के इस सबसे गर्म जलकुंड में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। ताजा रिपोर्ट के अनुसार सेंसेक्स 27 अंक गिरकर 83 हजार आठ सौ इक्यावन अंक पर और निफ्टी आठ अंक गिरकर 25 हजार सात सौ बिरासी अंक पर आ गया।

********************

इधर राजधानी रांची में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख इकतीस हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख बहत्तर हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने रांची, पलामू और सिंहभूम सहित 13 जिलों में 16 जनवरी तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जनवरी महीने में ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

********************

रांची में आज से 69वीं राष्ट्रीय स्कूली शतरंज एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता का भव्य आगाज़ हो रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की मेजबानी में आयोजित इस स्पर्धा में देशभर के 31 राज्यों और इकाइयों से सैकड़ों छात्र खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

*******************